Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# M.H.I.-9

# भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन

## ( Indian National Movement )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Narad Rai*

NEERAJ
PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 300/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## *Content*

# भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन

## ( Indian National Movement )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|


**प्रस्तावना ( Introduction )**

1. राष्ट्र और राष्ट्रवाद ( Nation and Nationalism ) ........ 1
2. उपनिवेश-विरोधी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन : एशिया और अफ्रीका ( Anti-Colonial National Liberation Movement : Asia and Africa ) ........ 7
3. भारतीय राष्ट्रवाद पर परिप्रेक्ष्य-I ( Perspectives on Indian Nationalism-I ) ........ 12
4. भारतीय राष्ट्रवाद पर परिप्रेक्ष्य-II ( Perspectives on Indian Nationalism-II ) ........ 17

**निर्माणकारी चरण ( The Formative Phase )**

5. भारतीय राष्ट्रवाद की बुनियाद ( Foundations of Indian Nationalism ) ........ 22
6. आर्थिक राष्ट्रवाद ( Economic Nationalism ) ........ 27
7. बौद्धिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उपनिवेशवाद का प्रतिरोध ( Resistance to Colonialism in Intellectual and Social Spheres ) ........ 32

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


8. उग्र एवं जन आधारित राजनीति की ओर–स्वदेशी आंदोलन ........ 36
( Towards Radical and Mass Politics–Swadeshi Movement )


## राष्ट्रीय आंदोलन : जन आधाारित राजनीति की अवस्था-1
## ( National Movement : The Mass Phase-I )


9. युद्ध अवधि के दौरान राष्ट्रवादी राजनीति ........ 41
( Nationalist Politics During the War Period )

10. गाँधी का उदय ( Emergence of Gandhi ) ........ 45

11. महत्त्वपूर्ण मोड़ ( The Turning Point ) ........ 50

12. खिलाफत और असहयोग आंदोलन ........ 54
( Khilafat and Non-Cooperation Movements )

13. क्रांतिकारी प्रवृत्तियाँ ( Revolutionary Trends ) ........ 58

14. परिषदों के भीतर व बाहर प्रतिरोध ........ 63
( Resistance Within and Outside the Councils )


## राष्ट्रीय आंदोलन : जन आधारित राजनीति की अवस्था-2
## ( The National Movement – The Mass Phase-2 )


15. सविनय अवज्ञा आंदोलन ( Civil Disobedience Movement ) ........ 67

16. संवैधानिक विकास ( Constitutional Developments ) ........ 71

17. कांग्रेस मंत्रिमंडल ( Congress Ministries ) ........ 75

18. 1930 के दशक का वैचारिक फलक ........ 80
( The Ideological Spectrum in the 1930s )

19. रियासतों में राजनीतिक लोकतंत्रीकरण ........ 85
( Political Democratisation in the Princely States )


## भारत छोड़ो और उसके परिणाम ( Quit India and Its Aftermath )


20. भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि ( Prelude to Quit India ) ........ 89

21. भारत छोड़ो आंदोलन ( Quit India Movement ) ........ 94

22. युद्धोत्तर राष्ट्रीय आंदोलन 1945-47 ( Post-War National Upsurges, 1945-47 ) ........ 99

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


23. स्वतंत्रता की ओर-I ( Towards Freedom-I ) ........ 103

24. स्वतंत्रता की ओर-II ( Towards Freedom-II ) ........ 107

**राष्ट्रीय आंदोलन और सामाजिक समूह-I**
**( National Movement and Social Groups-I )**

25. किसान ( The Peasantry ) ........ 111

26. मजदूर वर्ग (The Working Class) ........ 116

27. पूँजीपति वर्ग ( The Capitalist Class ) ........ 120

28. जमींदार ( The Landlords ) ........ 125

**राष्ट्रीय आंदोलन तथा सामाजिक समूह-II**
**( National Movement and Social Groups-II )**

29. राष्ट्रीय आंदोलन और महिलाएं ( National Movement and Women ) ........ 130

30. राष्ट्रीय आंदोलन और दलित (National Movement and the Dalits ) ........ 134

31. राष्ट्रीय आंदोलन और अल्पसंख्यक ........ 138
( National Movement and the Minorities )

**राष्ट्रीय आंदोलन : विरासत ( National Movement : Legacies )**

32. राष्ट्रीय आंदोलन और इसकी रणनीतियाँ ........ 143
( National Movement and its Strategies )

33. राष्ट्रीय आंदोलन और सांप्रदायिक समस्या ........ 147
( Nationalist Movement and the Communal Problem )

34. भारत के संविधान का निर्माण (Making of the Indian Constitution) ........ 151

35. राष्ट्रीय आंदोलन की विरासतें ( Legacies of the National Movement ) ........ 155


■ ■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

**M.H.I.-9**

**(Indian National Movement)**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग में से कम-कम दो प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

भाग-I

**प्रश्न 1. भारतीय राष्ट्रवाद पर औपनिवेशिक और राष्ट्रवादी परिप्रेक्ष्यों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-12, 'उपनिवेशवादी परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रवादी विचार'

**प्रश्न 2. भारतीय विचारकों के विशेष संदर्भ में आर्थिक राष्ट्रवाद पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-28, 'भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद'

**प्रश्न 3. क्रान्तिकारी राष्ट्रवादियों की विचारधारा और गतिविधियों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-59, 'विचारात्मक प्रेरणा का आरंभिक उदय', 'एच.एस.आर.ए. का निर्माण और गतिविधियां'

**प्रश्न 4. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के विकास में स्वराज पार्टी की भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-65, प्रश्न 1

**प्रश्न 5. असहयोग आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-56, प्रश्न 2

भाग-II

**प्रश्न 6. जन गोलबन्दी का गांधीवादी तरीका किस प्रकार से महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में लाने में सफल रहा?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-29, पृष्ठ-131, प्रश्न 1

**प्रश्न 7. राष्ट्रवाद और कृषक वर्ग के बीच के संबंध पर विभिन्न इतिहासकारों के दृष्टिकोणों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-26, पृष्ठ-117, 'जन राष्ट्रवाद के दौर में राष्ट्रवादी और मजदूर वर्ग'

**प्रश्न 8. भारतीय संविधान के निर्माण पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-34, पृष्ठ-152, 'भारत के संविधान का दर्शन' तथा पृष्ठ-154, प्रश्न 3

**प्रश्न 9. जमींदारों के प्रति कांग्रेस का क्या रवैया था? क्या समय के साथ इसमें परिवर्तन हुआ?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-27, पृष्ठ-124, प्रश्न 3

**इसे भी देखें–**हाँ, इसमें परिवर्तन हुआ, क्योंकि राष्ट्रवादी आंदोलन के उदय ने पूंजीपति वर्ग को वह मौका दिया कि वह सरकार से सुविधाएं प्राप्त करने के लिए उस पर दबाव बनाए। 1940 के दशक में पूंजीपति वर्ग कांग्रेस को खुला समर्थन देने लगा, क्योंकि उसे आजादी निकट आती दिखाई देने लगी।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) पूना समझौता, 1932**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-30, पृष्ठ-136, प्रश्न 2

**(ख) स्वदेशी आन्दोलन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-37, 'स्वदेशी आन्दोलन'

**(ग) भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर सबाल्टर्न दृष्टिकोण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-18, 'सबाल्टर्न दृष्टिकोण'

**(घ) देशी रियासतों में राजनीतिक गोलबन्दी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-86, 'लोकतंत्रीकरण के औजार के बतौर रियासतों में राजनीतिक गोलबंदी'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

## भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

**(Indian National Movement)**

**M.H.I.-9**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग में से कम-कम दो प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-क**

**प्रश्न 1. राष्ट्र और राष्ट्रवाद के उदय के बारे में गैर-आधुनिकतावादी सिद्धांतों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'राष्ट्रवाद के सिद्धान्त'

**प्रश्न 2. भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद पर भारतीय चिन्तकों के विचारों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-28, 'भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद'

**प्रश्न 3. असहयोग आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-56, प्रश्न 2, पृष्ठ-57, प्रश्न 3

**प्रश्न 4. भारत में क्रांतिकारी राष्ट्रवाद के विकास का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-60, प्रश्न 1

**प्रश्न 5. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास में स्वराज पार्टी की भूमिका पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-65, प्रश्न 1, पृष्ठ-66, प्रश्न 3

**भाग-ख**

**प्रश्न 6. जन गोलबन्दी का गांधीवादी तरीका किस प्रकार महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में लाने में सफल रहा?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-29, पृष्ठ-131, प्रश्न 1

**प्रश्न 7. भारत में राष्ट्रवादियों और मजदूर वर्ग के बीच के संबंध पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-26, पृष्ठ-117, 'जन राष्ट्रवाद के दौर में राष्ट्रवादी और मजदूर वर्ग'

**प्रश्न 8. पाकिस्तान की मांग और उसके परिणामों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-23, पृष्ठ-104, 'पाकिस्तान की माँग और उसके परिणाम', पृष्ठ-106, प्रश्न 3

**प्रश्न 9. भारतीय राष्ट्रवाद पर मार्क्सवादी और सबाल्टर्न दृष्टिकोणों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-19, प्रश्न 1, पृष्ठ-20 प्रश्न 2

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) भारत सरकार अधिनियम, 1935**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-72, 'भारत सरकार अधिनियम, 1935'

**(ख) स्वदेशी आंदोलन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-37, 'स्वदेशी आन्दोलन'

**(ग) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की विरासत के रूप में नागरिक स्वतंत्रता**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-35, पृष्ठ-155, 'विरासतें'

**(घ) औपनिवेशिक काल में कांग्रेस और दलित वर्ग के बीच के संबंध**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-30, पृष्ठ-136-137, प्रश्न 2, प्रश्न 3

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन
# ( Indian National Movement )

## प्रस्तावना
## ( Introduction )

## राष्ट्र और राष्ट्रवाद
## ( Nation and Nationalism )

1

### परिचय

सामान्यत: किसी व्यक्ति को अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठा और विचारधारा उसका राष्ट्रवाद है। प्रत्येक राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक अपने राष्ट्र के प्रति राष्ट्रवाद से भरा होता है। राष्ट्रवाद की अवधारणा को विभिन्न इतिहासकारों और समाज-वैज्ञानिकों ने विभिन्न प्रकार से प्रस्तुत किया है। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरुद्ध चलने वाला एक लम्बा और विशाल संघर्ष था। इस संघर्ष की प्रमुख विचारधारा और हथियार राष्ट्रवाद था। भारतीय राष्ट्रवाद में दो मुख्य विचारधाराएं शामिल थीं–साम्राज्यवाद का विरोध और राष्ट्रीय एकता। इन विचारधाराओं को मानने वाले लोग राष्ट्रवादी कहलाते थे। यह राष्ट्रवाद भारत सहित एशिया, अफ्रीका आदि के अलावा सम्पूर्ण विश्व के अनेक देशों में फैला हुआ था, जहां ब्रिटिश उपनिवेशी शासन था। आधुनिक विश्व में राष्ट्रवाद एक शक्तिशाली राजनीतिक ताकत थी। राष्ट्रवाद को राष्ट्र के आन्दोलन, विश्वास, व्यवस्था, भावना और जुनून से जोड़ लिया था। प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक राष्ट्र में यह व्याप्त था और इसने वैश्विक विचारधारा का रूप धारण कर लिया था। अनेक कहानियाँ, कविताएं, उपन्यास और साहित्य राष्ट्रवाद को आधार बनाकर लिखा गया। इस प्रकार राष्ट्रवाद एक जटिल अवधारणा बन गई थी, जिसका उदय विभिन्न परिस्थितियों में हुआ। राष्ट्रवाद यूरोप के विकसित औद्योगिक समाज और एशिया तथा अफ्रीका के अविकसित समाज तक फैल चुका था। राष्ट्रवाद का उदय अधिकांश देशों में 18वीं शताब्दी से 20वीं शताब्दी के मध्य हुआ। इसके उदय के पीछे निश्चित रूप से एक सामान्य और सार्वभौमिक भावना निहित थी। यह किसी विशेष सिद्धांत से प्रेरित होकर विश्व के सभी देशों में नहीं फैला। प्रस्तुत अध्याय में राष्ट्रवाद के उदय के लिए विभिन्न परिघटनाओं की चर्चा की गई है, जिससे राष्ट्रवाद पर समुचित प्रकाश पड़ सके।

### अध्याय का विहंगावलोकन

**राष्ट्र, राष्ट्रवाद और राष्ट्र-राज्य को समझना**

प्रस्तुत इकाई में तीन बातों की चर्चा है–

1. राष्ट्रवाद से जुड़ी कुछ बहसें और विवाद,
2. राष्ट्रवाद के सिद्धांत,
3. इन सिद्धांतों की भारत के संदर्भ में प्रासंगिकता।

**राष्ट्रवाद का प्रश्न**

राष्ट्रवाद से तात्पर्य 18वीं और 20 शताब्दी के मध्य के समय से विकसित हुई एक विचारधारा से है। इस अवधि में छोटे समुदाय बड़े समुदाय में परिवर्तित होने लगे। नये समुदायों में नये रिश्ते और एकजुटता बनी। समूह और व्यक्ति एक-दूसरे से परिचित न होते हुए भी खुद को राष्ट्र के रूप में एक समझते थे। इसमें नई कल्पना थी। नये समुदायों का निर्माण अपनी भिन्न कल्पना से हो रहा था। प्रारम्भ में अधिकांश समुदाय परिचय पर आधारित थे, परन्तु नए राष्ट्रीय समुदाय में ऐसी बातें नहीं थीं, वह कल्पना पर आधारित था इसीलिए **बेनेडिक्ट एंडरसन** ने बताया कि राष्ट्र परिकल्पित समुदाय है। नये समूहों और समुदायों ने इस बात पर बल दिया कि उनका अपना प्रतिनिधि राज्य होना चाहिए। यह एक विशिष्ट स्थिति थी, जिसमें राज्य और समाज में अनुरूपता या पहचान असामान्य थी। यही स्थिति आगे चलकर राष्ट्र, राष्ट्रवाद और राष्ट्र-राज्य की विशेषता बन गई। सिद्धान्तकार **एर्नेस्ट गेलनर** ने बताया कि राष्ट्रवाद प्राथमिक राजनीतिक और राष्ट्रीय इकाई के एक समान होना चाहिए। इस परिभाषा में कुछ विशिष्टता है। इसमें कमी यह है कि यह राष्ट्र की एक समझ पर आधारित है। वस्तुत: राष्ट्र को परिभाषित करना एक जटिल कार्य है। सभी विद्वान सामान्य रूप से राष्ट्रवाद की सार्वभौमिक परिभाषा देने में तटस्थ रहे हैं। **एर्नेस्ट गेलनर** दो गुणों–संस्कृति और इच्छा पर बल देते हैं। उनका कहना

है कि राष्ट्र मानव की प्रतिबद्धताओं, समर्पणों और एकजुटता का परिणाम है। जब लोगों की एक श्रेणी के सदस्य पूरे विश्वास के साथ एक-दूसरे के पारस्परिक अधिकारों और कर्त्तव्यों का अपनी सदस्यता की हिस्सेदारी के न्याय के रूप में पहचान करते हैं, तब यह श्रेणी ही राष्ट्र बन जाती है।

## राष्ट्र और राष्ट्र-राज्यों को परिभाषित करना

राष्ट्र को परिभाषित करने के लिए सर्वप्रथम इसकी प्रकृति पर ध्यान दिया गया, परन्तु यह कुछ निश्चित ऐतिहासिक परिस्थितियों का उत्पाद है। **अर्नेस्ट रेनान** ने राष्ट्र की नस्लीय और प्राकृतिक परिभाषाओं को रद्द कर दिया। इनके स्थान पर उन्होंने इच्छा, स्मृति और चेतना पर आधारित राष्ट्र की ऐच्छिक परिभाषा दी, जो राष्ट्रों के ऐतिहासिक निर्माण और राष्ट्रों का निर्माण इच्छा और चेतना पर आधारित था। यह राष्ट्रों के समझने में नया मोड़ था। 1882 में रेनान ने अपने भाषण में कहा था कि राष्ट्र कोई स्थायी वस्तु नहीं है। यूरोप में राष्ट्र के निर्माण में श्रेणियों के निर्माण पर बल दिया जाता था, परन्तु श्रेणियां प्रकृति में इतनी सामान्य थीं कि उन्हें अधिकांश समुदायों में हासिल किया जा सकता था। इच्छा और चेतना के आधार पर अनेक गैर राष्ट्रीय समुदायों को भी पहचाना जा सकता था। इस प्रकार रेनान की परिभाषा ने राष्ट्रों के सामान्य भाग को समुचित रूप से पहचाना, परन्तु विशिष्ट पक्ष की ओर ध्यान नहीं दिया।

1913 ई. में जोससेफ स्टालिन ने रेनान की परिभाषा की कमियों की जानकारी दी और राष्ट्रों की कुछ विशिष्टताएं बताईं। स्टालिन ने राष्ट्र को लोगों के एक स्थायी समुदाय की ऐतिहासिक रचना बताया, जो समान भाषा, क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र और मनोवैज्ञानिक बनावट के आधार पर गठित होता है। स्टालिन की समझ कुछ मामलों में रेनान की विरोधी थी। स्टालिन राष्ट्र के विशिष्ट भाग को इतना महत्त्व देते हैं कि वे शायद राष्ट्रों के निर्माण में इच्छा और चेतना के सामान्य योगदान की उपेक्षा कर देते हैं। 1983 में गैलनर ने इसकी पूर्ति की। उनका कहना था कि राष्ट्रों का निर्माण राष्ट्रवाद से होता है। भारतीय राष्ट्रवाद की विचारधारा के माध्यम से ही भारतीय राष्ट्र स्वयं निर्मित हो गया।

यहां तीन तत्त्वों–आत्मपरक, वस्तुनिष्ठ और वैचारिक को मिलाकर राष्ट्र की अच्छी परिभाषा बन सकती है, जिसमें कभी राष्ट्रों की संभावनाएं शामिल हो सकती हैं। फिर भी यह उन समुदायों को छोड़ देता है, जो राष्ट्र नहीं हैं। इस प्रकार रेनान, स्टालिन और गेलनर को परिभाषाओं से राष्ट्रवाद और राष्ट्र-राज्य को आसानी से समझा जा सकता है। राष्ट्रवाद राष्ट्र और राज्य की एकता पर बल देने के साथ इस बात को महत्त्व देता है कि राज्य जनता के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करे। एक राष्ट्र-राज्य इसी प्रकार का राज्य होता है। राष्ट्र एक बड़ा आधुनिक समुदाय है, जो अपना प्रतिनिधि राज्य चाहता है।

## राष्ट्रवाद के सिद्धांत के सामने चुनौतियाँ

नये राष्ट्रीय समुदाय के उद्देश्य से कृषि समाज था एक औद्योगिक समाज में परिवर्तन हुआ और एक नए किस्म के सामाजिक ढाँचे का निर्माण हुआ, जिसे औद्योगिक समाज का नाम दिया गया। इन दोनों बदलावों में अनेक विद्वानों का विचार था कि दोनों एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। **एर्नेस्ट गैलनर** ने इसी आधार पर यह सिद्धांत दिया कि इन बदलावों से राष्ट्रवाद का उदय हुआ। बड़ी संख्या में विद्वानों ने राष्ट्रवाद को एक आधुनिक प्रक्रिया बताया है और इसे उद्योगवाद से जोड़ा है। उनके अनुसार औद्योगीकरण में राष्ट्र का निर्माण अंतर्निहित था। राष्ट्रवाद को उद्योगवाद से जोड़ने के सिद्धांत में एक विशेष समस्या है। राष्ट्रवाद विश्व के अधिकांश देशों में फैला है, परन्तु उद्योगवाद केवल यूरोप तक ही सीमित था। एशिया और अफ्रीका देशों में इसका फैलाव नहीं हुआ। इसके कारण यहाँ साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद का बोलबाला हुआ। इस प्रकार राष्ट्रवाद के अनेक सिद्धांत कहे जा सकते हैं।

## राष्ट्रवाद के सिद्धांत

राष्ट्रवाद के सभी विद्वान इस बात से सहमत हैं कि राष्ट्रवाद को किसी विशिष्ट या आंतरिक कारकों या समाज के अन्दर सक्रिय कारणों से स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। इसको स्पष्ट करने के लिए समुचित बाहरी कारकों या विशेष समाज के बाहरी कारकों की जरूरत है। **टॉम नैर्न** का कहना है कि यह सही नहीं है कि किसी प्रकार का राष्ट्रवाद आंतरिक गतियों का उत्पाद है। राष्ट्रवाद के विद्वानों में मुख्य मतभेद बाहरी कारकों भी पहचान को लेकर है। कुछ लोग राष्ट्रवाद को मानव समाज के विकास के आवश्यक चरण के रूप में देखते हैं। अन्य सिद्धांतकार राष्ट्रवाद को एक मानव भावना या पहचान के लिए बड़ी सामाजिक और मनोवैज्ञोनिक जरूरत या एक बड़ी पूर्णता के साथ पहचानते हैं। इस प्रकार राष्ट्रवाद की अवधारणा व्यापक है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की व्याख्याएं सामने आती हैं। मतभेदों को विचारों के माध्यम से समझा जा सकता है। ये विचार राष्ट्रवाद को एक दुर्घटना से लेकर एक महान मानवीय जरूरत के रूप में ले जाते हैं। इन सभी विचारों में दो विचार विशेष महत्त्वपूर्ण हैं–गैर आधुनिकतावादी एवं आधुनिकतावादी।

### गैर-आधुनिकतावादी सिद्धांत

आधुनिकतावादी राष्ट्र को एक आधुनिक परिघटना मानते हैं और इसके उद्भव काल को पिछली तीन शताब्दी से भी कम मानते हैं। इसके विपरीत गैर आधुनिकतावादी राष्ट्रवाद को अधिक अवधि का मानते हैं। उनका कहना है कि जटिलता के साथ गुंफित राष्ट्रवाद इतने कम समयांतराल में नहीं हो सकता और इसका विकास लंबे समय में हुआ है। जिस प्रकार आधुनिकतावादी विद्वानों में आपसी सहमति नहीं है, उसी प्रकार गैर-आधुनिकतावादियों में भी आपसी सहमति नहीं है। उन्हें विकासवादियों, प्रकृतिवादियों और निरन्तरवादियों में विभाजित किया जा सकता है। प्रकृतिवादी राष्ट्रवाद को अति प्राकृतिक भावना के रूप में देखते हैं। प्रकृतिवादियों के आसपास ही निरन्तरता की स्थिति है। उनका कहना है कि पाकिस्तान तो उसी क्षण अपने अस्तित्व में आ गया, जब मुस्लिम

शासन स्थापित होने से गैर-मुसलमानों का बड़े स्तर पर धर्मांतरण हुआ।

वस्तुतः सभी देशों की अपनी छवि होती है, जिसे राष्ट्रवादी विचारक या नेता बनाते हैं। राष्ट्रवाद पर किये महत्त्वपूर्ण शोधों में निरन्तरवादियों की स्थिति को समझा गया है तथा उसे 'आविष्कृत परंपरा' के रूप में व्यक्त किया गया। आविष्कृत परम्परा में राष्ट्रवादी अतीत तथा परम्परा का प्रयोग करते हैं और उससे प्रेरणा प्राप्त करते है। वे अपने राष्ट्र के लिए अतीत, इतिहास तथा परम्परा से इसकी उपस्थिति का दावा करते हैं। उनके अनुसार परम्परा का रूप आविष्कृत या कृत्रिम होता है। परम्परा का आविष्कार विशेष प्रकार से किया जाता है, जिससे इसका इस्तेमाल राष्ट्रवादियों के समर्थन में हो। जिन्ना मुस्लिम राष्ट्र को न्यायोचित केवल इस आधार पर ठहरा सके कि हिन्दू और मुसलमान के मध्य किसी प्रकार का संबंध नहीं है तथा यही कारण था कि भारतीय इतिहास में मुस्लिम राष्ट्र का अस्तित्व बहुत पहले से रहा है। इस प्रकार मुस्लिम राष्ट्र को वैध ठहराने के लिए परम्परा की खोज की जा रही थी। प्रमुख इतिहासकार **एरिक हॉब्सबाम** की राष्ट्रवाद की अवधारणा भी महत्त्वपूर्ण है। उनका तर्क है कि मानव इतिहास के पूर्व आधुनिक काल से गुजरते हुए राष्ट्रवाद की व्याख्या की जा सकती है। पूर्व उपस्थित संस्कृतियों, विरासतों तथा विभिन्न अन्य नैतिक संधियों, भावनाओं एवं पूर्व स्मृतियों पर राष्ट्रवाद केन्द्रित है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी एक-दूसरे के साथ बढ़ती है और राष्ट्र के उदय में योगदान देती है।

### आधुनिकतावादी सिद्धांत

सभी आधुनिकतावादी एक-दूसरे से सहमत नहीं हैं और उनके विचारों में पर्याप्त भिन्नता है। राष्ट्रवाद का एक प्रभावशाली आधुनिकतावादी सिद्धांत **अर्नेस्ट गैलनर** द्वारा दिया गया। गैलनर राष्ट्रवाद के उदय को विश्व के कृषक समाज से औद्योगिक समाज में रूपान्तरण के रूप में व्यक्त करते हैं। नये औद्योगिक समाज ने बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय समुदायों के सृजन को आवश्यक बना दिया। औद्योगिक समाज में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं, जो सम्पूर्ण विश्व में एक शक्ति के रूप में राष्ट्रवाद के उभार के रूप में सामने आईं। यद्यपि गैलनर के सिद्धांत में एक बड़ी समस्या थी। गैलनर द्वारा वर्णित औद्योगिक समाज पूर्णरूप से विकसित यूरोपीय समाजों में विकसित हो सकता था। इसके विपरीत यही राष्ट्रवाद वास्तव में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा और यह विकसित तथा अविकसित दोनों प्रकार के देशों में फैला, इसलिए प्रश्न उठता था कि एशिया तथा अफ्रीका के देशों में राष्ट्रवाद की व्याख्या किस प्रकार की जाए।

इस प्रश्न का उत्तर एक अन्य आधुनिकतावादी विद्वान **टॉम नैर्न** के सिद्धांत से मिला था। उसने राष्ट्रवाद को वैश्विक पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के क्रियाकलापों के साथ जोड़ा, परन्तु गैलनर के विपरीत उन्होंने अपने व्याख्या की तलाश विकास, शिक्षा तथा औद्योगिक समाज की गतिशीलता की अपेक्षा औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप सभी समुदायों को मिली विषमता तथा विस्थापन में की। इस भिन्नता ने विश्व को 'यूरोपिन अभिकेन्द्र' तथा एक एशियाई तथा अफ्रीकी परिधि में विभक्त कर दिया अर्थात् पूँजीवाद ने साम्राज्यवाद तथा उपनिवेशवाद को जन्म दिया। क्षेत्र के संभ्रांतों ने इस विषमता के अपमान को अधिक महसूस किया। इसका सामना करने के लिए एकता तथा एकात्मकता की दृष्टि ने एक विशाल समुदाय निर्माण करने का कार्य किया। सभी सीमाओं से परे जाकर उन्होंने औपनिवेशिक वर्चस्व के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसी प्रक्रिया के दौरान इन उपनिवेशों में राष्ट्रवाद का उदय हुआ।

### भारतीय राष्ट्रवाद

निश्चित रूप से **टॉम नैर्न** का सिद्धांत वास्तविक प्रक्रिया के बेहद करीब की व्याख्या करता है, जिसमें 19वीं तथा 20वीं सदी में भारतीयों के राष्ट्रीय समुदाय का विकास हुआ। भारतीय राष्ट्रवादी अनुभव को सबसे अच्छे तरीके से तभी समझा जा सकता है, जब इसे 'सामान्य' और 'विशेष' कारकों में विभाजित किया जाए। सामान्य कारक अन्य समुदायों में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया की तरह व्यापक रूप से समान होगा, परन्तु भारतीय अनुभव के पास अपनी तरह की विशेषताएं हैं। भारतीय राष्ट्रवाद को उचित रूप से समझने तथा उसकी व्याख्या करने के लिए इन दो बातों का वर्णन आवश्यक है। पहली बात सामान्य स्थितियों पर नजर बनाये रखने तथा वैश्विक शक्तियों को समझने की जरूरत है, जो राष्ट्रवाद के उदय के परिणाम के रूप में सामने आती है। इसी प्रकार विशेष भारतीय स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है, जो भारतीयों में एक राष्ट्रीय समुदाय के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामान्य तथा सामाजिक विशेष कारकों का ध्यान रखना राष्ट्रवाद के सिद्धांत के लिए आवश्यक है।

## अभ्यास प्रश्न

**प्रश्न 1. राष्ट्र तथा राष्ट्रवाद के उभार को लेकर आधुनिकतावादी सिद्धांतों की व्याख्या करें।**

**उत्तर**–राष्ट्र तथा राष्ट्रवाद के उभार को लेकर तीन आधुनिकतावादी सिद्धांत हैं–

**1. एली कड्यूरी का आधुनिकतावादी सिद्धांत**–कड्यूरी ने इस सिद्धांत की स्थापना 1961 में की। इसके मुख्य तथ्य निम्नलिखित हैं–

*(i)* उन्होंने राष्ट्रवाद को एक सिद्धांत के रूप में माना। उन्होंने इसे आधुनिक यूरोप के बौद्धिक इतिहास में प्रभावशाली ढंग से अनुभव किया। उन्होंने अपने ग्रंथ में लिखा है, ''राष्ट्रवाद का सिद्धांत 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में यूरोप आविष्कृत किया गया था।''

*(ii)* उनके अनुसार यह राष्ट्रवाद की असरंचनात्मक व्याख्या थी, जिसके अनुसार राष्ट्रवाद की जड़े गहरी हैं, न कि इसकी कोई

ठोस संरचनाएं हैं और न ही विशेष शर्त है, परन्तु ऐसा केवल यूरोपीय विचारकों के विचारों तथा सिद्धांतों में था।

**2. गैलनर की तुलना में आधुनिकतावादी सिद्धांत**–कड्यूरी के सिद्धांत की तुलना में एक प्रभावशाली विकल्प गैलनर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके सिद्धांत में मुख्य बातें निम्नलिखित हैं–

*(i)* गैलनर के अनुसार राष्ट्रवाद का उदय कृषि से औद्योगिक विश्व के रूपान्तरण में हुआ। उन्होंने राष्ट्रवाद को शक्ति तथा संस्कृति की नई अंत:क्रिया को सृजित करने वाले नये आर्थिक तथा उत्पादक बलों के सामने आने के रूप में देखा।

*(ii)* गैलनर का सिद्धांत उसी दृष्टिकोण से भौतिकवादी था, क्योंकि राष्ट्रवाद के उदय की आधारभूत प्रेरणा के रूप में इसमें विचार और सिद्धांत नहीं दिखता है। यह राष्ट्रवाद को नये आर्थिक बलों के संचालन के उत्पादन के रूप में देखता है।

*(iii)* यह सिद्धांत अनवरत विकास पर आधारित था। वस्तुत: यह अर्थव्यवस्था तभी कायम रह सकती थी, जब यह विकसित होती रहे।

*(iv)* यह अनवरत विकास करने वाली अर्थव्यवस्था ने स्थिर पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया।

*(v)* यह अर्थव्यवस्था लगातार चलती रहे, इसके लिए सम्पूर्ण साक्षरता आवश्यक थी। यह साक्षरता का रूप समतामूलक होना चाहिए था, ताकि बड़ी संख्या में अज्ञात तथा एक-दूसरे से अपरिचित लोग परस्पर संवाद कर सकें।

*(vi)* इस औद्योगिक अर्थव्यवस्था में गतिशीलता थी, जो व्यावसायिक तथा स्थानीय दोनों प्रकार की थी। इस नई अर्थव्यवस्था के कारण लोग अपने संगठित समुदाय से अलग-थलग कर एक ऐसी स्थिति में डाल दिए गए, जो उनके लिए नई थी और न उससे उनका कोई लगाव था।

*(vii)* राष्ट्रवाद की नई अर्थव्यवस्था समतावाद पर आधारित थी। इसने लोगों की प्रतिष्ठा तथा हैसियत आधारित पदानुक्रम को समाप्त कर दिया। इसने पुरानी संस्कृति, पुरानी संरचनाओं, पुराने पदानुक्रम को भी नष्ट कर दिया।

*(viii)* पुरातनता और संभ्रांतों की उच्च संस्कृति का संरक्षण नई अर्थव्यवस्था के लिए पूर्णत: तर्कसंगत नहीं रह गया था। इसके कारण बहुस्थानिक लोक संस्कृति तथा विशेष उच्च संस्कृति दोनों के लिए बने रहना मुश्किल हो गया तथा दोनों का रूपान्तरण एक व्यापक तथा सहभागिता वाली उच्च संस्कृति में हो गया।

*(ix)* आधुनिक तथा प्रौद्योगिकी ने नई अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फलस्वरूप वह इतनी शक्तिशाली हो गयी कि पुरानी व्यवस्था की जगह नई सामाजिक व्यवस्था ने ले ली। यूरोपीय समाज में प्रारम्भिक मतभेद समाप्त हो गये तथा उनकी जगह इन नई संस्कृति पर आधारित एक नई रेखा बन गई।

*(x)* इस परिवर्तन से राज्य की भूमिका अति महत्त्वपूर्ण हो गई। नया आर्थिक संसार इतना विशाल हो गया कि इससे सिर्फ राज्य होकर ही प्रभावशाली ढंग से निपटा जा सकता था। राज्य इसे लोगों के समर्थन के कारण प्रभावशाली ढंग से कायम रख सका, अब यह आवश्यक था कि राज्य समाज का प्रतिनिधित्व करे। यह सभी एक नये प्रकार की व्यवस्था के लिए था।

*(xi)* गैलनर का यह राष्ट्रवाद का सिद्धांत एक विश्वसनीय सिद्धांत था, परन्तु इस सिद्धांत के साथ सबसे बड़ी समस्या है कि इस सिद्धांत का जुड़ाव भारत या सही मायने में अन्य उपनिवेशों के विकास के मामलों के साथ नहीं हो पाया। गैलनर के सिद्धांत की सबसे बड़ी ताकत घटनाक्रम को वैश्विक प्रकृति पर उसकी बहुत अच्छी पकड़ है। हालांकि यह सिद्धांत एशिया और अफ्रीका के औपनिवेशिक समाज के राष्ट्रवादी अनुभवों को पर्याप्त रूप से व्याख्या करता प्रतीत नहीं होता है। सही मायने में कहा जा सकता है कि यह सिद्धांत पूर्णरूप से पश्चिमी यूरोप के अनुभवों के आधार पर निर्मित था तथा बाद में सभी मानव मात्र के लिए वैध रूप में व्यापक हो गया।

**3. टॉम नैर्न का आधुनिकतावादी सिद्धांत**–यह सिद्धांत औपनिवेशिक समाज की व्याख्या न्यायसंगत ढंग से करता है। उसके सिद्धांत की मुख्य बातें निम्नलिखित हैं–

*(i)* यह सिद्धांत आधुनिकतावादी होने के साथ-साथ सार्वभौमिकतावादी था। राष्ट्रवाद मानव विकास के किसी विशेष चरण का एक अनिवार्य तथा एकीकृत परिणाम है। नैर्न राष्ट्रवाद को विश्व तथा पूँजीवाद में अंतर्निहित असमान अविकास के पूँजीवादी रूपान्तरण के रूप में देखते हैं।

*(ii)* एशिया और अफ्रीका के औपनिवेशिक समाज में शीघ्र ही असमानता के तीव्र अपमान को महसूस किया गया। इन समाजों के संभ्रांत वर्ग ने यह कहना शुरू कर दिया कि इस प्रकार की प्रगति का तात्पर्य उनके लिए उपनिवेशवादी वर्चस्व है। पूँजीवाद ने उपनिवेशवाद तथा साम्राज्यवाद की एक प्रणाली का सृजन किया। उपनिवेश का उद्देश्य लोगों की एक बड़ी संख्या को शासन से अलग रखना था। उन्हें नये तंत्र में शोषण का शिकार होना पड़ा। औपनिवेशिक समाज के इस अपमान ने राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

*(iii)* इस युग में पूँजीवाद के दो चेहरे स्पष्ट हो गये। एक ओर जहाँ यूरोपीय विश्व में इससे संपत्ति, समृद्धि तथा गतिशीलता आई, दूसरी ओर इससे आर्थिक विषमता तथा उपनिवेश के लोगों का राजनीतिक शोषण हुआ। राष्ट्रवाद इसी स्थिति के खिलाफ एक प्रतिक्रिया था। औपनिवेशिक समाज के संभ्रांतों को वर्चस्व, शोषण तथा उनको अलग करने वाली इस स्थिति के खिलाफ होने वाले प्रतिरोध को संगठित करने के लिए पहल करनी पड़ी।

*(iv)* राष्ट्रवाद लाने में मध्यवर्ग के बुद्धिजीवियों का भी योगदान था। इन्होंने लोगों की भाषा पर ध्यान केन्द्रित किया। इस नई भावना ने संभ्रान्तों को बड़े पैमाने पर सामान्य से जोड़ दिया तथा विदेशी वर्चस्व के खिलाफ आम लोगों को एकजुट कर दिया और एक सामान्य संघ के लिए लोगों को तैयार कर दिया। राष्ट्रवाद साम्राज्यवाद के विरुद्ध संभ्रांतों तथा जनसमूहों में संयुक्त संघर्ष की प्रक्रिया एक स्वाभाविक उपज था।

इस प्रकार नैर्न का सिद्धांत राष्ट्रवाद की यह एक आवश्यक आधुनिकतावादी सोच है। उसकी यह सोच अन्य आधुनिकतावादी विज्ञानों से सर्वथा भिन्न है, जिसका ध्यान यूरोप पर केन्द्रित होता